संपादक :- रंजीत सिंह
RNI No-UPHIN/2001/03844

साप्ताहिक
# राष्ट्रीय मानवाधिकार

संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com



वर्ष : 26 अंक : 02 मेरठ, मंगलवार, 05 मई 2026 पृष्ठः 04 मूल्य : एक रूपया

# योगी ने सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा विभाग में नवचयनित कर्मियों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

» एजेंसी। लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को भी अपने वित्तीय संसाधनों से पूरा करने की क्षमता रखता है। देश के सबसे लंबे एक्सप्रेस-वे में शामिल करीब 600 किलोमीटर के गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण बिना बैंकों से कर्ज कर्ज लिए पूरा किया गया। इसमें 36,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुआ। एक्सप्रेसवे के किनारे नौ इंडस्ट्रियल और लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं, जिनके लिए करीब 7,000 एकड़ अतिरिक्त जमीन ली गई है। इंडस्ट्रियल क्लस्टर व लॉजिस्टिक हब को मिलाकर पूरी परियोजना पर 42,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा चुके हैं। वर्ष 2017 से पहले यह स्थिति नहीं थी, प्रदेश को 'बीमारू' माना जाता था। कोई भी बैंक या वित्तीय संस्थान राज्य को कर्ज देने के लिए तैयार नहीं था। लेकिन, अब यूपी 'रेवेन्यू सरप्लस स्टेट' है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को लोकभवन में आयोजित लेखा परीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा विभाग के लिए नवचयनित 371 लेखा परीक्षकों और स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के लिए नवचयनित 129 लेखा परीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में जब हमने सरकार बनाई, खजाना खाली था। हमें अपने चुनावी वादों को निभाना था, लेकिन किसी भी बैंक का चेयरमैन या सीएमडी मेरा फोन उठाने को तैयार नहीं था। यानी, यूपी को कर्जा नहीं देना है। ऐसी छवि बना दी गई थी हमारे प्रदेश की। तब उस कठिन दौर में हमने तय किया कि बैंकों या वित्तीय संस्थानों पर निर्भर रहने के बजाय हम अपने संसाधन बढ़ाएंगे, वित्तीय अनुशासन मजबूत करेंगे और बेहतर वित्तीय प्रबंधन का उदाहरण पेश करेंगे। हमने इसे साबित भी किया। यदि हमने भी वित्तीय प्रबंधन नहीं किया होता, ऊल-जुलूल खर्च होते, बिना बजट पैसा रेवड़ियों की तरह बांटा जाता और बिना वित्तीय अनुशासन अनावश्यक कर्ज लिया जाता, तो आज यूपी के लोगों पर कर्ज का भारी बोझ होता। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग की टीम के स्थानीय लेखा और पंचायत लेखा से जुड़े परीक्षकों ने एक आंतरिक इकाई के रूप में मिलकर काम किया और मजबूत वित्तीय ढांचा तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। परिणाम यह रहा कि यूपी न सिर्फ रेवेन्यू सरप्लस राज्य बना, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था, प्रति व्यक्ति आय और प्रदेश के बजट को तीन गुना करने में सफलता मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिए तमाम बैंकों व वित्तीय संस्थानों ने लाइन लगाकर कहा था कि हम पैसा देना चाहते हैं, लेकिन सरकार ने स्पष्ट किया कि अब उत्तर प्रदेश बदल चुका है, वह अपने दम पर बड़ी परियोजनाएं पूरी करने में सक्षम है। हमें पिछली सरकारों के लिए गए कर्ज को कम करने में भी सफलता मिली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश की टॉप-3 अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है, जबकि पहले यह बॉटम-3 में शामिल था। अब हर निवेशक और वित्तीय संस्थान प्रदेश में निवेश करना चाहता है। सपा सरकार के दौरान 2017 से पहले लखनऊ में शुरू हुए जय प्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) प्रोजेक्ट की लागत 200 करोड़ रुपये थी, लेकिन खर्च बढ़कर 860 करोड़ रुपये तक पहुंच गया और इसके बावजूद परियोजना अधूरी है। यह वित्तीय अनुशासनहीनता और कुप्रबंधन का गंभीर उदाहरण है। यह जनता के पैसे का दुरुपयोग है। यह एक महापुरुष के नाम को अपमानित करने जैसा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश को एक्साइज से मात्र 12 हजार करोड़ रुपये की आय होती थी, जो अब बढ़कर 62-63 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गई है।

## मातृ देखभाल सेवाओं को देनी होगी और मजबूती: ब्रजेश



» एजेंसी। लखनऊ

मातृ मृत्यु को शून्य करने की दिशा में हमें समग्र रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। निजी अस्पतालों पर विशेष नजर रखने की जरूरत है। हमारा मुख्य उद्देश्य सुरक्षित मैटरनल हेल्थकेयर सर्विस को मजबूत करना, हॉस्पिटल की क्वालिटी और मॉनिटरिंग में सुधार करना, ह्यूमन रिसोर्स कैपेसिटी बढ़ाना और टेक्नोलॉजी-ड्रिवन सॉल्यूशन का फायदा उठाना है। यह कहना है उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का। वे सोमवार को योजना भवन में मुख्यमंत्री मातृत्व सुरक्षा संकल्प योजनांतर्गत रोकथाम योग्य मातृ मृत्यु को शून्य करने के लिए रोडमैप के प्रस्तुतीकरण संबंधी बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के हेल्थ सेल ने मैटरनल मॉर्टिलिटी रेशियो को कम करने के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। उन्होंने जानकारी दी कि रोडमैप में 2030 तक मातृ मृत्यु दर में लक्ष्य के अनुरूप कमी लाने के लिए स्ट्रेटजी बनाई गई है। इसके लिए एक मोबाइल एप्लीकेशन प्रस्तावित है, जिसका मकसद गर्भवती महिलाओं का सौ फीसदी रजिस्ट्रेशन पक्का करना और सर्विस डिलीवरी ट्रैकिंग में सुधार करना है। यह प्रेजेंटेशन स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सीईओ मनोज कुमार सिंह ने पेश किया। डिप्टी सीएम ने जमीनी स्तर पर हेल्थ सिस्टम, खासकर आशा नेटवर्क को बेहतर संरचना, जिम्मेदारी और इंसेंटिव के जरिए मजबूत करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने अस्पतालों की बेहतर मॉनिटरिंग, सरकारी हेल्थकेयर सुविधाओं को मजबूत करने, ग्रामीण हेल्थकेयर डिलीवरी में कमियों को दूर करने और प्राइवेट हेल्थकेयर संस्थानों में जिम्मेदारी तय करने की जरूरत पर जोर दिया।

## तुष्टिकरण की राजनीति अब काम नहीं आने वाली: प्रह्लाद जोशी

» एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा को मिले जनादेश पर खुशी जाहिर की। उन्होंने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा को मिली बढ़त ने इंडिया ब्लॉक में शामिल घटक दलों को यह संदेश देने का काम किया है कि अब किसी भी कीमत पर तुष्टिकरण की राजनीति काम नहीं आने वाली है। सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में प्रह्लाद जोशी ने कहा कि अगर किसी पार्टी को लगता है कि वो तुष्टिकरण की राजनीति के दम पर अपने लिए स्थिति अनुकूल बना सकती है, तो मैं एक बात साफ कर देना चाहता हूं कि यह उसकी गलतफहमी है, लिहाजा उसे अपनी गलतफहमी दूर कर लेनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में जिस तरह से गुंडागर्दी का माहौल बना हुआ था, जिस तरह से घुसपैठियों को मताधिकार का हक दिया जा रहा था, उन सब स्थिति को ध्यान में रखते हुए मतदान को काफी अहम माना जा रहा है। पश्चिम बंगाल की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन के लिए यह जनादेश दिया है।

## रक्षामंत्री ने तीन दिवसीय नॉर्थ टेक सिम्पोजियम का किया उद्‌घाटन

» एजेंसी। प्रयागराज

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज के तेजी से बदलते तकनीकी दौर में भविष्य के लिए तैयार रहने के लिए अनुसंधान (रिसर्च) और "सरप्राइज एलिमेंट" बेहद जरूरी है। जो देश तकनीकी क्रांति के साथ सबसे तेजी से खुद को ढाल लेगा, वही भविष्य के युद्धों में निर्णायक बढ़त हासिल करेगा। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को यहां भारतीय सेना के उत्तरी और केंद्रीय कमांड तथा सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स की ओर से आयोजित तीन दिवसीय नॉर्थ टेक सिम्पोजियम के उद्घाटन के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध तेजी से बदल रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध का उदाहरण देते हुए बताया कि महज 3-4 साल में युद्ध टैंक और मिसाइल से बदलकर ड्रोन और सेंसर आधारित हो गया है।

## हर व्यक्ति को न्याय दिलाना सरकार की प्रतिबद्धता : मौर्य

» एजेंसी। लखनऊ



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय, 7-कालिदास मार्ग लखनऊ पर 'जनता दर्शन' के माध्यम से विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना तथा त्वरित, प्रभावी और न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कई सैकड़ा लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।

जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान अधिकतर प्रकरणों में भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मुद्दे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी की समस्याएं, पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामले रहे।

मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मामलों में आवश्यक हो, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए और पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान की जाए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरतमंदों व पात्र लोगों को हर सम्भव सरकारी सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलना ही चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार आम जनता की भलाई के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और जनहित सर्वोपरि है। उन्होंने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार हर संभव कदम उठाएगी और कोई भी पीड़ित निराश न लौटे-यही प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

मौर्य ने जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाए।

## रेखा गुप्ता ने की 'झालमुरी-रसगुल्ला पार्टी'

» एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकप्रिय बनाए गए बंगाली स्नैक 'झालमुरी' सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कार्यालय में जश्न का मुख्य आकर्षण रहा। पूर्वी राज्य में शानदार जीत के करीब पहुंचने पर सीएम ने अपने सहयोगियों के साथ 'झालमुरी' पार्टी की। मुख्यमंत्री गुप्ता और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का जश्न मनाने के लिए दिल्ली सचिवालय में 'झालमुरी' और 'रसगुल्ला' खाया। जीत के संदेश में मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का हर राज्य भगवा रंग में रंग रहा है। असम की हैट्रिक जीत के साथ भाजपा सरकार बंगाल में भी सत्ता में आ गई है। शानदार जीत पर हार्दिक बधाई! 'झालमुरी' और 'रसगुल्ला' के साथ जीत का जश्न मना रहे हैं।

## सम्पादकीय

### मौलिक प्रतिभा के विकास में है बाधक

पिछले दिनों आईआईटी खड़गपुर के डायरेक्टर प्रो. सुमन चक्रवर्ती के उस बयान ने चौंकाया कि कोचिंग के कारोबार ने छात्रों की सोचने की क्षमता को घटाया है। वे प्रतिभा विस्तार व मौलिक सोच में विकास के बजाय कोचिंग उद्योग के चतुराई के खेल में शामिल हो रहे हैं। वे दिमाग के इस्तेमाल के बजाय जेईई प्रवेश परीक्षा के लिए ट्रिक्स से गलत ऑप्शन हटाना सीख रहे हैं। फलतः वे आईआईटी जैसे उच्च संस्थानों में प्रवेश तो पा जाते हैं, लेकिन गुणवत्ता की शिक्षा से साम्य बैठाने में असफल साबित होते हैं, जिससे उनकी आईआईटी में बैक लगने यानी कुछ विषयों अनुत्तीर्ण होने से बैक लगने की स्थिति पैदा हो रही है। जिससे वे अक्सर तनाव में आ जाते हैं। हो सकता आने वाले समय में किसी अध्ययन व शोध से यह बात सामने आए कि उच्च तकनीक संस्थानों में बढ़ती आत्मघात की प्रवृत्ति के पीछे कोचिंग संस्थानों की भेड़चाल से उपजी विसंगतियां हों। निश्चय ही यह स्थिति भारतीय उच्च व तकनीकी संस्थानों में विकसित हो रही इस नकारात्मक प्रवृत्ति को बढ़ाने वाली है। एक समय था कि भारतीय प्रतियोगिता परीक्षाओं की प्रणाली में स्वस्थ स्पर्धा हुआ करती थी। प्रतिभावान विद्यार्थी ही उच्च तकनीकी संस्थानों में प्रवेश पा सकते थे। लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में बाजार के लगातार बढ़ते दखल ने सारी स्थिति ही उलट कर रख दी। वहीं दूसरी ओर सीबीएसई और अन्य शिक्षा बोर्डों द्वारा सौ फीसदी तक अंक दिए जाने ने राज्यों के बोर्डों से परीक्षा उतीर्ण करने वाले छात्रों को हीन भावना से भर दिया। निस्संदेह, वह शिक्षा प्रणाली सवालों के दायरे में आनी चाहिए, जिसमें असंभव से लगने वाले सौ फीसदी अंक छात्रों को दिए जाते हैं। सौ फीसदी अंक एक नहीं कई-कई छात्रों को दिए जाते हैं। वहीं राज्यों के विभिन्न बोर्डों में परीक्षक कंजूसी से नंबर देकर पहले ही छात्रों को राष्ट्रीय स्पर्धा से बाहर कर देते हैं। निश्चय ही यह स्थिति देश के लाखों छात्रों के साथ अन्याय जैसी है। दरअसल, देश में पहले भी कोचिंग व्यवस्था मौजूद रही है। लेकिन एक सहायक की भूमिका में। आज कोचिंग कारोबारियों द्वारा उसे छात्रों के भविष्य का निर्धारण करने वाले एकमात्र विकल्प के रूप में बताया जा रहा है। यह व्यवस्था देश में व्याप्त आर्थिक विभेद को भी और बढ़ाती है। तय है कि संपन्न घरों से आने वाले बच्चे महंगी कोचिंग पाकर गुदड़ी के लालों के जीवन पर सदैव भारी पड़ेंगे। फलतः कुछ मध्यमवर्गीय परिवारों के अभिभावक बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कर्ज लेकर कोचिंग का जुगाड़ करते हैं। अपना पेट काटकर वे बच्चों को महंगे कोचिंग संस्थानों में भेजते हैं। कई अभिभावक अक्सर कर्ज में डूब जाते हैं।

## भगवान परशुराम की शोभा यात्रा निकली

» संवाददाता



मोदीनगर। मोदीनगर में भगवान परशुराम शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान दर्जनों स्थानों पर यात्रा का स्वागत किया गया तथा पुष्प वर्षा की गई। पांच किलोमीटर दूरी की यात्रा पूरी होने में पांच घंटे से ज्यादा समय लगा।

रविवार को भगवान परशुराम शोभा यात्रा का शुभारंभ शाम पांच बजे सीकरी कलां से हुआ। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, नगर पालिका मोदीनगर के पूर्व अध्यक्ष राम आसरे शर्मा, विधायक डा. मंजू शिवाच एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि विनोद गोस्वामी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सुनील शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम हर वर्ग के पूजनीय थे। उन्होंने मानवता की रक्षा के लिए फरसा उठाया। भगवान परशुराम, भगवान विष्णु के ही रूप थे।

इसके बाद यात्रा पंडित राम आसरे शर्मा के नेतृत्व में चली जो सीकरी पेट्रोल पंप, मोदी स्टील, तेल मिल, मोदी मंदिर, बस अड्डा, राज चौपला, महेंद्रपुरी से होते हुए हरमुखपुरी स्थित भगवान परशुराम मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। झंडी दिखाने से पहले राम आसरे शर्मा, एमएलसी श्रीचंद्र शर्मा, विनोद गोस्वामी एवं जय प्रकाश शर्मा समेत अन्य लोगों ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की।

यात्रा शुरू होने के बाद सभासद मोनू धामा ने सीकरी पेट्रोल पंप के निकट यात्रा का स्वागत किया। उन्होंने जेसीबी पर चढ़कर यात्रा पर पुष्प वर्षा की और यात्रा में शामिल सभी लोगों का स्वागत किया। इसके बाद सभासद सप्पू गुर्जर ने यात्रा का स्वागत किया। पंजाबी समाज ने रूकमणि मोदी मार्किट पर यात्रा का भव्य स्वागत किया। इसके साथ ही मोदी कपड़ा मिल पर भी जोरदार स्वागत किया गया।

इसके साथ ही जीवन अस्पताल पर विधायक डा. मंजू शिवाच के नेतृत्व में तथा नाले से पहले राम आसरे शर्मा के कार्यालय पर मयंक शर्मा के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया।

यात्रा में बाहर से आए हुए ढोल नगाड़े, बैंड, मनहोमक झाकियाँ, प्रसिद्ध डीजे ने लोगो का मन मोह लिया।

मुख्य रूप से नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली जाटव, एडवोकेट प्रमोद शर्मा, जय प्रकाश शर्मा, मयंक शर्मा, कौशल वशिष्ठ, प्रदीप बोस, अपराजिता सिंह, नीरज शर्मा, अशोक ओझा, मधु सूदन शर्मा, आदित्य, अरविंद ओझा, पपन शर्मा, नरेंद्र शर्मा, सचिन शर्मा, कुणाल शर्मा, सर्वेश शर्मा, शिवम शर्मा, राजकुमार शर्मा, राजकुमार गुप्ता एडवोकेट, निशांत भारद्वाज, दीपक वत्स, योगेंद्र, विपिन वत्स, सोमेश शर्मा मनोज शर्मा ठेकेदार, अतुल शर्मा, हरीश त्यागी, अविनाश त्यागी, स्पर्श त्यागी, अमित कराटे, मनीष अग्रवाल, भोला सिसौदिया, भव्य सिसौदिया, डॉक्टर कमल गुप्ता आदि लोग रहे।

## कृषि विभाग के कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



» संवाददाता

बिजनौर। कृषि विज्ञान केंद्र नगीना पर कृषि विभाग द्वारा आयोजित उर्वरकों के संतुलित उपयोग विषय पर कृषकों, इनपुट डीलर्स और कृषि विभाग के कर्मचारियों का संयुक्त रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में कृषि मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गठित टीम के सदस्यों डा.आर. एस.एच. श्रीवस्त, डॉ एस. बरुआ व देवदत्त द्वारा प्रतिभाग किया गया उक्त कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों से कृषि मंत्रालय भारत सरकार से नामित सदस्यों द्वारा उर्वरकों का संतुलित उपयोग कैसे हो या जनपद में उर्वरकों की मात्रा का उपयोग अधिक क्यों हुआ उसके बारे विस्तृत रूप एक सर्वे के कार्य किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद के जिला कृषि अधिकारी जसवीर तेवतिया ने उपस्थित प्रतिभागियों को बताते हुए कहा कि जनपद में इस वर्ष मृदा की उर्वरता बनाए रखने के लिए व रासायनिक का उर्वरकों का उपयोग कम हो इसके लिए ढैंचा का बीज 500 कुंतल के ऊपर किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉक्टर के के सिंह ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र की टीम वर्तमान समय में जनपद के कृषि विभाग, आईसीएआर के संस्थान, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ, जनपद के गन्ना विभाग एवं कृषि से संबंधित अन्य विभागों के साथ मिलकर उर्वरकों के संतुलित उपयोग प्रबंधन विषय पर कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। उक्त कार्यक्रमों में विशेष रूप से कृषकों को गन्ना, धान, गेहूँ में संतुलित उपयोग कैसे करना है उसका चार्ट बताया जा रहा है साथ ही साथ अपने खेत पर अजोला, हरी खाद एवं प्राकृतिक रुप से उच्च गुणवत्ता खाद कैसे बनाई जा सकती है इसके बारे में विस्तृत रूप से बताया जा रहा है।

## चार-पांच लाख में बेच दिए 60-70 लाख के पेड़

» संवाददाता

चांदपुर। शिवसेना की बैठक में षि उत्पादन मंडी समिति में खड़े कीमती वृक्षों को कौड़ी के नाम बेच दिए जाने के प्रकरण की उच्च अधिकारियों से जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है। शिवसेना की बैठक क्षेत्रीय कार्यालय बागडपुर में हुई जिसकी अध्यक्षता शोभित गुर्जर व संचालन दिनेश तोमर ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि चांदपुर मंडी समिति के अंदर पुराने पेड़ थे। यूके लिटिस के काफी पुराने लगभग 200 पेड़ जिनकी कीमत लगभग 60 से 70 लाख रुपए के करीब थी।

उन्होंने आरोप लगाया समिति के कुछ कर्मचारी व अधिकारी व ठेकेदार की मिली भगत से इन पेड़ों को मात्र चार-पांच लाख रुपए में बेच दिए गए। इससे सरकार को काफी हानि व भ्रष्टाचार को भी इसे बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि यह भी मालूम हुआ है कि इन पेड़ों की सार्वजनिक बोली भी नहीं लगवाई और न ही सार्वजनिक नीलामी हुई। उन्होंने कहा कि सभी ने आपस में मिलकर व कागज भी औपचारिकता पूरी की और ही टेंडर अपने चहेतों को दे दिए गए। उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया की जांच को निलंबित करने व सरकार से इसकी जांच कराकर ठेकेदार व कर्मचारी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने कि मांग करते हुए कहा कि यदि जांच नहीं हुई तो शिवसेना आंदोलन करेगी।

### दिव्यांग मॉनिटर को योजनाओं की जानकारी दी

» संवाददाता

गाजियाबाद। विकास भवन में सोमवार को दिव्यांग मॉनिटरों को दिव्यांग अधिकारी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। जिला दिव्यांगजन अधिकारी अंशुल चौहान ने बताया कि इनको सोमवार को पेंशन, सहायक उपकरण, फ्री रेल व बस पास सहित टोल टैक्स आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। अब यह मॉनिटर अपनी-अपनी पंचायत सहित आस-पास की पंचायतों में दिव्यांग को उनकी योजनाओं की जानकारी देंगे। इस दौरान दिव्यांगों के उनकी योजनाओं में आवेदन भी कराएंगें।

### सफाई कर्मचारियों को वस्त्र भेंट किए

» संवाददाता

गाजियाबाद। राजेंद्र नगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क में सोमवार को नागरिक सुरक्षा विभाग ने सफाई कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में करीब 100 सफाई कर्मचारियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान डिविजनल वार्डन एके ठाकुर ने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज के सच्चे योद्धा हैं, जो निरंतर सफाई व्यवस्था बनाए रखकर बीमारियों से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### जरूरतमंद बच्चों के लिए पांच हजार किताबें दान की

» संवाददाता

गाजियाबाद। शिक्षा और सेवा के अद्भुत संगम को दर्शाते हुए गुरुकुल द स्कूल के इंटरेक्ट क्लब ने अखिल भारतीय एनजीओ सहायता संपर्क के साथ मिलकर बुक बडी 2.0 अभियान चलाया। इसमें विद्यालय के प्रत्येक बच्चे ने पुस्तकों का दान किया। एक सप्ताह के भीतर पांच हजार पुस्तकें एकत्रित की गईं। प्राचार्य ने कहा कि श्रेष्ठ शिक्षा वही है जो हमें दूसरों के दुखों के प्रति संवेदनशील बनाए।

## अग्निशमन विभाग की सख्त निगरानी, सोसायटी-मॉल-अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था परखी

» संवाददाता

गाजियाबाद। कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक मई से शुरू हुए विशेष अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत रविवार को जिलेभर के हाइराइज भवनों, आवासीय सोसायटियों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और महत्वपूर्ण परिसरों में व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल आयोजित की गई। अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना रहा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान ने जनसुरक्षा के प्रति प्रशासन की गंभीरता और प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया। अग्निशमन विभाग की टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर न केवल सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की, बल्कि लोगों को आग लगने की स्थिति में बचाव के व्यावहारिक तरीके भी सिखाए। अभियान के अंतर्गत इंदिरापुरम स्थित कृष्णा अपरा गार्डन, कृष्णा अपरा सफायर सोसाइटी, रेगलिया हाइट्स, शिप्रा सनसिटी, अपेक्स सोसायटी, अनुकम्पा ग्रीन, एंजेल जुपीटर समिति सहित कई प्रमुख आवासीय परिसरों में मॉक ड्रिल कराई गई। इसके अलावा मोदीनगर के विशाल मेगा मार्ट, कानन ग्रीन सोसाइटी और लोकप्रिय हॉस्पिटल में भी सुरक्षा अभ्यास किया गया। राजनगर एक्सटेंशन की फॉर्चून सोसायटी और यूनिनव हाइट्स, टीलामोड़ स्थित भारत सिटी फेस-1 तथा ट्रोनिका सिटी लोनी के द एलन कोर्ट परिसर में भी अग्निशमन टीमों ने सुरक्षा मानकों का परीक्षण किया। मॉक ड्रिल के दौरान फायर टेंडर्स के साथ पहुंची टीमों ने भवनों के निकास मार्गों का निरीक्षण किया, फायर फाइटिंग सिस्टम की कार्यशीलता जांची और आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित निकासी प्रक्रिया का अभ्यास कराया। बड़ी संख्या में उपस्थित निवासियों, कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों को अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग, आग लगने के शुरुआती संकेतों की पहचान और घबराहट से बचते हुए व्यवस्थित तरीके से बाहर निकलने की जानकारी दी गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि तेजी से बढ़ते हाईराइज भवनों के दौर में अग्नि सुरक्षा को नजरअंदाज करना गंभीर खतरे को आमंत्रण देना है।

## तकनीक से सशक्त हुआ नगर निगम प्रशासन

» संवाददाता

गाजियाबाद। प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, गति और दक्षता बढ़ाने की दिशा में गाजियाबाद नगर निगम ने डिजिटल परिवर्तन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों को नवीनतम तकनीक से लैस ऑल-इन-वन डेस्कटॉप कंप्यूटर वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य नगर निगम की कार्यप्रणाली को पूरी तरह आधुनिक बनाना तथा ई-ऑफिस प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करना है। कार्यक्रम के दौरान नगर आयुक्त ने अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक युग में प्रशासनिक कार्यों को पारंपरिक तरीकों से संचालित करना अब संभव नहीं है। डिजिटल तकनीक के माध्यम से न केवल कार्यों की गति बढ़ेगी बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम अब हाईटेक कार्यशैली अपनाते हुए सभी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली को प्राथमिकता देगा। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज कुमार सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार, प्रकाश विभाग से शेष मणि यादव तथा मुख्य नगर लेखा परीक्षक विवेक सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के लिपिकों, कंप्यूटर ऑपरेटरों और कर्मचारियों को नए कंप्यूटर सौंपते हुए उन्हें डिजिटल प्रणाली के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा, मूल्यांकन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित

» संवाददाता

मेरठ। सोमवार को विकास भवन सभागार में डीएम डा. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा, मूल्यांकन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने मवाना, माछरा, हस्तिनापुर और परीक्षितगढ़ में नवीन गोशालाओं के निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताई।

समीक्षा बैठक में डीएम ने संबंधित खंड विकास अधिकारियों को कार्यशैली में अपेक्षित सुधार लाते हुए निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। आवारा पशुओं की समस्या के समाधान हेतु जिलाधिकारी ने समस्त बीडीओ और ईओ को कैटल कैचर खरीदने के निर्देश दिए। तय किया गया कि 6 कैटल कैचर जिला पंचायत द्वारा खरीदे जाएंगे, 1 कैटल कैचर क्षेत्र पंचायत के माध्यम से क्रय किया जाएगा।



मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने अवगत कराया कि सभी गोशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं। सुरक्षा और निगरानी को और सुदृढ़ करने हेतु जिलाधिकारी ने अब सभी गोशालाओं में वाईफाई लगवाने के निर्देश दिए हैं। आगामी सीजन को देखते हुए गोआश्रय स्थलों में भूसा और हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिए गए कि भूसा संग्रहण-दान व क्रय के माध्यम से भूसा संग्रह तेज किया जाए।

खरखौदा और करनावल जैसे कम प्रगति वाले केंद्रों को एक सप्ताह में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति की चेतावनी दी गई। हरा चारा-सीवीओ और बीडीओ अगले 3 दिनों में 30 से 40 हेक्टेयर भूमि पर चारे की बुआई सुनिश्चित करेंगे। जियो-टैगिंग- चारे की बुआई और भूसा संग्रहण की निगरानी बीडीओ, डिप्टी सीवीओ और एसडीएम द्वारा जियो टैगिंग के माध्यम से की जाएगी। गोवंशों के कल्याण हेतु जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि गोशालाओं में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल और छाया की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।

इसके लिए नोडल अधिकारी सप्ताह में एक बार निरीक्षण करेंगे। बीडीओ को सप्ताह में दो बार अनिवार्य रूप से निरीक्षण करना होगा। जिलाधिकारी ने सहभागिता योजना और गोआश्रय फंड की रिक्वेस्ट समय से भेजने तथा सीवीओ कार्यालय में एक कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए ताकि शिकायतों और व्यवस्थाओं का त्वरित निस्तारण हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी तथा सभी उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

## स्मार्ट मीटरों के विरोध में भाकियू किसान क्रांति का प्रदर्शन

» संवाददाता

मेरठ। स्मार्ट एवं प्रीपेड बिजली मीटरों के विरोध में सोमवार को भाकियू किसान क्रांति ने तहसील में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगे रखी। साथ ही उनका जल्द समाधान न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। जिलाध्यक्ष चौधरी निखिल राव के नेतृत्व संगठन के कार्यकर्ता व किसान तहसील पहुंचे। उन्होंने तहसीलदार ज्योति सिंह को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र में लगाए जा रहे स्मार्ट और प्रीपेड मीटर आम जनता, किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। आरोप है कि मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में कई गुना बढ़ोतरी हो रही है, जबकि खपत पहले जैसी ही है। इससे गरीब और मध्यम वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रीपेड व्यवस्था के चलते बार-बार रिचार्ज कराना पड़ता है और बैलेंस खत्म होते ही बिजली आपूर्ति बंद हो जाती है। इससे बच्चों की पढ़ाई, किसानों के काम और आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

# स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन




» संवाददाता

मेरठ। विश्व हास्य दिवस के अवसर पर आज प्रातःकाल सर्वशक्ति वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सर्किट हाउस प्रांगण में एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, मानसिक तनाव से दूर रहने तथा गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अमेरिका से पधारे डॉ. राजीव गुप्ता ने स्वस्थ जीवनशैली, सकारात्मक सोच एवं कैंसर से बचाव के उपायों पर विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक चर्चा की। उन्होंने नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार, व्यायाम तथा समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण को अच्छे स्वास्थ्य का आधार बताया।

इस अवसर पर डॉ. सतीश अरोड़ा ने कैंसर की प्रारंभिक जांच एवं समय पर पहचान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनसमूह को आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य जागरूकता के साथ-साथ मनोरंजन एवं उत्साहवर्धन के लिए विभिन्न रोचक खेलों का आयोजन किया।

# देव मूर्तियों का पुष्प, धूप और वस्त्राधिवास संपन्न

» संवाददाता

मेरठ। द ग्रान्ड सोसायटी में आयोजित पंच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तृतीय दिवस धार्मिक आस्था और वैदिक परंपराओं का भव्य संगम देखने को मिला। शुभारंभ प्रातःकालीन पीठाधि पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात आचार्य कौशल वत्स के निर्देशन में देव मूर्तियों का विधिवत अधिवास कराया गया। इस क्रम में पुष्पाधिवास, धूपाधिवास और वस्त्राधिवास जैसे महत्वपूर्ण वैदिक संस्कार संपन्न हुए। पुष्पाधिवास के अंतर्गत देव मूर्तियों को सात प्रकार के रंग-बिरंगे पुष्पों से अलंकृत किया। इसके बाद धूपाधिवास में प्रतिमाओं को सुगंधित द्रव्यों, अगरबत्ती, धूप, इत्र और चंदन के मध्य स्थापित किया। वस्त्राधिवास के दौरान मंत्रोच्चार के बीच मूर्तियों को वस्त्र अर्पित कर विधिपूर्वक आवृत किया। यह वैदिक संस्कार मूर्ति में दिव्य चेतना स्थापित करने की प्रक्रिया का अहम अंग है। प्राण प्रतिष्ठा विधान के अंतर्गत मूर्तियों की आंखों पर पट्टी बांधी गई। पंडितों द्वारा विशेष जप भी कराया जा रहा है, जिससे सुख-शांति और समृद्धि की कामना की जा रही है। संध्या समय मंडप में महिलाओं द्वारा संगीतमय भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

# छोटे और तेज पास से बढ़ता है खेल का रोमांच

» संवाददाता

मेरठ। हॉकी फील्ड पर एक खिलाड़ी की खेल गुणवत्ता उसके साथी खिलाड़ियों के साथ बेहतर आपसी तालमेल से कई गुणा बढ़ जाती है। फील्ड पर खिलाड़ियों को उनकी तय पोजिशन के अनुसार खेल को आगे बढ़ाना और छोटे और तेज पासिंग को निरंतर दोहराना खेल के रोमांच को बढ़ाने के साथ ही टीम की जीत भी सुनिश्चत करने में बड़ी भूमिका निभाता है। ये बातें वेस्ट एंड रोड स्थित सनातन धर्म इंटर कालेज की हॉकी फील्ड पर चल रहे समर कैंप में सोमवार को पहुंचे पूर्व ईस्ट बंगाल व मोहन बंगाल नेशनल खिलाड़ी सुरेंद्र कुमार कैंप में शामिल खिलाड़ियों को समझाई। उन्होंने खेल के हर पहलू पर खिलाड़ियों से गहराई चर्चा की। वरिष्ठ हॉकी प्रशिक्षक जोगिंदर सिंह के आमंत्रण पर यहां पहुंचे सुरेंद्र कुमार का खिलाड़ियों ने तालिया बजाकर स्वागत किया। इस दौरान प्रधानाचार्य अरूण गर्ग ने उनका स्कूल में स्वागत किया। सुरेंद्र कुमार ने यहां खिलाड़ियों से मैदान पर अपने अनुभव साझा किये। बताया कि खिलाड़ियों की आपस में बॉल पासिंग करने की क्षमता खेल का बेहद खास पहलू हैं। विरोधी के गोल पोस्ट तक गेंद को लेकर जाने में यही छोटे और तेज पास बड़ी भूमिका निभाते हैं। सुरेंद्र कुमार ने एसडी के मैदान पर नवोदितों के साथ बिताए समय को काफी खास बताया और कहा कि इनके बीच पहुंचकर अपने पुराने दिन याद आ गए हैं, जब वरिष्ठ कोच और गुरूजन हमें खेल से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें साझा करते थे।

## टीबी की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं

मेरठ। सं0। टीबी यूनिट कंकरखेड़ा के किसान गर्ल्स इंटर कॉलेज में सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम विषय पर जागरूकता कार्यक्रम किया। जिसमें जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर शबाना बेगम द्वारा छात्राओं को क्षयरोग की जानकारी दी। अपील की गई कि टीबी की जानकारी जन-जन तक पहुंचा कर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करें। अध्यापिका द्वारा सभी छात्राओं को टीबी की शपथ दिलाई गई। उन्होंने क्षयरोग के लक्षण बताए और यह भी बताया गया कि टीबी, एचआईवी की जांच सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर बिल्कुल निशुल्क की जाती है।

# मेरठ पब्लिक स्कूल फॉर गर्ल्स में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

» संवाददाता

मेरठ। मेरठ पब्लिक स्कूल फॉर गर्ल्स में सोमवार को छात्रा परिषद 2026-27 के गठन के उपलक्ष्य में गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में नेतृत्व, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना रहा। समारोह के मुख्य अतिथि कर्नल होपेंदर ठाकुर (कमांडिंग ऑफिसर, 22 उ.प्र. गर्ल्स बटालियन एनसीसी) रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पुनीत कथूरिया और नीरज नारंग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रधानाचार्या रचना शर्मा ने छात्राओं को अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देते हुए अपने दायित्वों को समर्पण के साथ निभाने की प्रेरणा दी। इसके बाद गांधी, नेहरू, शास्त्री और टैगोर हाउस की छात्राओं ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। चयनित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई और बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। कक्षा 12 की छात्रा अन्वी को हेड गर्ल चुना गया। वहीं, अनन्या जैन को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए 'श्रीमती कुसुम शास्त्री अवार्ड' से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कर्नल ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि सच्चा नेता वही होता है जो टीम को साथ लेकर चलता है और कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेता है। उन्होंने छात्राओं को नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

# शिक्षा को व्यावहारिक और कौशल आधारित बनाना कॉलेज की प्राथमिकता

» संवाददाता

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में प्राचार्या प्रो. निवेदिता ने आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया और महाविद्यालय की नई उपलब्धियों व योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक प्रवेश प्रक्रिया आज से प्रारंभ की जा रही है, जिसके लिए कॉलेज पूरी तरह तैयार है।

प्रेस वार्ता के दौरान प्राचार्या ने बताया कि इस सत्र से महाविद्यालय में योगिक साइंसेज और क्लिनिकल साइकोलॉजी जैसे नए रोजगारपरक एवं आधुनिक कोर्स शुरू किए जा रहे हैं, जिससे छात्राओं को करियर के बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि



बदलते समय के साथ शिक्षा को व्यावहारिक और कौशल आधारित बनाना कॉलेज की प्राथमिकता है। कॉलेज की सुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि छात्राओं के लिए हॉस्टल सुविधाओं को और सुदृढ़ किया गया है, जिससे बाहरी क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को सुरक्षित और अनुकूल वातावरण मिल सके। साथ ही, लाइब्रेरी को आधुनिक तकनीकों से अपग्रेड किया गया है, जिसमें डिजिटल संसाधन, ई-लर्निंग और ऑटोमेशन सिस्टम (कोहा सॉफ्टवेयर) शामिल हैं।

प्रो. निवेदिता ने यह भी बताया कि कॉलेज में इन्क्यूबेशन सेंटर, रिसर्च इंटर्नशिप, मेंटर-मेंटी स्कीम, तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। संस्थान ने हाल ही में आईएसओ प्रमाणन, ग्रीन और एनर्जी ऑडिट जैसे मानकों को भी प्राप्त किया है।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि छात्राओं को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाना है। कॉलेज की शैक्षणिक गुणवत्ता और नवाचार के चलते यह प्रदेश के प्रमुख संस्थानों में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। प्रेस वार्ता में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ संवाद के दौरान कॉलेज के विभिन्न कोर्स, सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य मेरठ क्षेत्र की छात्राओं तक सही और उपयोगी जानकारी पहुंचाना रहा, ताकि वे बेहतर शैक्षणिक विकल्प चुन सकें।

## युवाओं ने जानी राशन वितरण व्यवस्था

मेरठ। जिला युवा अधिकारी यशवंत यादव के नेतृत्व में सोमवार को क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी कार्यालय में पांच दिवसीय अनुभव आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी नीरज कुमार एवं पूर्ति निरीक्षक रिया जायसवाल ने स्वयंसेवकों को पीडीएस की पूरी कार्यप्रणाली से अवगत कराया। राशन कार्ड की पात्रता से लेकर बायोमेट्रिक वितरण, विभागीय संरचना और धोखाधड़ी रोकने के उपायों तक की जानकारी दी। सत्र तब और जीवंत हो उठा जब गौरी मेहता ने डीलर द्वारा मशीन के उपयोग और उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल पूछा, शिवम कुमार ने पोर्टेबिलिटी सुविधा को लेकर जिज्ञासा जताई और सौरभ ने जानना चाहा कि शिकायत मिलने पर विभाग कितनी जल्दी कार्रवाई करता है।



## अग्निशमन कर्मियों के समर्थन में रोडवेज डिपो कमेटी ने दो घंटे किया प्रदर्शन

» एजेंसी। सोनीपत

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की अपील पर हड़ताल पर गए अग्निशमन कर्मचारियों के समर्थन में डिपो कमेटी ने सरकार के खिलाफ 2 घंटे का प्रदर्शन करते हुए यातायात प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। डिपो कमेटी अध्यक्ष मंडल ने बताया कि सरकार अग्निशमन कर्मचारियों के साथ वादाखिलाफी कर रही है। गत दिनों फरीदाबाद केमिकल फैक्टरी में लगी आग बुझाते जिन दो कर्मचारियों ने अपनी जान गवां दी थी सरकार उन्हें शहीद का दर्जा दे। उनके परिवारों को मुआवजा व सरकारी नौकरी दे। उन्होंने कहा कि हड़ताल के दौरान अग्निशमन गाड़ियों को चलाने के लिए जिन रोडवेज चालकों को भेजा गया है उनके पास अग्निशमन गाड़ी पर कार्य करने का अनुभव नहीं है। सोनीपत डिपो के एक चालक को अग्निशमन वाहन से गिरने के कारण काफी चोटें आई हैं। सरकार रोडवेज विभाग के सभी चालकों को अग्निशमन वाहनों से वापस बुलाए। समय रहते हड़ताल पर गए कर्मचारियों से बातचीत कर समस्या का समाधान निकाले।

## शिविर में 326 मरीजों ने आंखों की जांच कराई

» एजेंसी। फरीदाबाद

गांव पन्हेड़ा खुर्द के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को नेत्र जांच शिविर लगाया गया। यह आयोजन ग्रामीण युवा विकास समिति के तत्वाधान आई केयर आई हॉस्पिटल नोएडा और टीकम शाह कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। समिति महासचिव रघुनाथ शास्त्री ने बताया शिविर में 326 मरीजों ने आंखों की जांच कराई तथा मोतियाबिंद के 12 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। इसके अलावा मरीजों को दवाइयां और चश्मे वितरित किए गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रणवीर चौधरी का समिति अध्यक्ष डीके शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि जेपी शर्मा और समिति सदस्यों ने पगड़ी बांधकर उनका स्वागत किया।

## सिद्धिविनायक क्लब ने जीता मैच

» एजेंसी। फरीदाबाद

पाली स्थित क्रिकेट मैदान पर सोमवार को खेले गए मुकाबले में सिद्धिविनायक एक्सप्रेस क्रिकेट क्लब ने एकतरफा मुकाबले में कुमाऊं किंग्स को सात विकेट से हरा दिया। 20 ओवर के मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने आई कुमाऊं किंग्स ने पांच विकेट पर 178 रन बनाए। जवाब में सिद्धिविनायक क्लब ने सिर्फ 13.4 ओवर में ही तीन विकेट पर 179 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

# 760 छात्रों को मिली डिग्री, 35 को गोल्ड मेडल से नवाजा

## राज्य की कला, संस्कृति व रचनात्मकता का हृदय है सुपवा यूनिवर्सिटी : ढांडा

» एजेंसी। रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसी सुपवा) में सोमवार को यूनिवर्सिटी के दूसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति व प्रदेश के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष की अध्यक्षता में छात्रों को डिग्रियां दी गई। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी, फर्स्ट लेडी ऑफ हरियाणा मित्रा घोष के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व सीएम के ओएसडी डॉ. राज नेहरू मुख्य रूप से मौजूद रहे। समारोह के दौरान अलग-अलग बैच व कोर्स के 760 छात्रों को ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री दी गई। डीएलसी सुपवा की शुरुआत साल 2014 में हुई थी। साल 2021 में यूनिवर्सिटी के पहले दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया था और 5 साल बाद सोमवार को यूनिवर्सिटी के दूसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी में समारोह को एक उत्सव के रूप में मनाया गया।





यूनिवर्सिटी के स्टाफ सदस्य शैक्षणिक शोभा यात्रा के माध्यम से राज्यपाल व अन्य अतिथियों को लेकर मंच तक पहुंचे। जहां दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना, वंदेमातरम व सुपवा के कुलगीत के साथ समारोह शुरू किया गया। यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अमित आर्य, रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक मनोचा व डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. अजय कौशिक ने अतिथियों को शॉल व स्मृति चिन्ह दिए। फर्स्ट लेडी ऑफ हरियाणा मित्रा घोष व शिक्षा मंत्री को यूनिवर्सिटी के छात्रों द्वारा तैयार किए गए पोर्ट्रेट भी भेंट किए गए। इस मौके पर कुलाधिपति ने अलग-अलग बैच व कोर्स के 760 छात्रों को ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री दी। इसके साथ ही शानदार प्रदर्शन करने वाले 35 छात्रों को गोल्ड मेडल दिए गए। इससे पहले डॉ. गुंजन मलिक मनोचा ने मंच पर उपस्थित अतिथियों व प्रदेश भर की यूनिवर्सिटी से पहुंचे वाइस चांसलर व रजिस्ट्रार का स्वागत किया। उन्होंने बंगाली भाषा में सुप्रभात बोल कर राज्यपाल व उनकी धर्मपत्नी का वेलकम किया।

यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति व प्रदेश के राज्यपाल डॉ. असीम कुमार घोष ने अपने संबोधन में कहा कि सुपवा के दीक्षांत समारोह में उपस्थित होना मेरे लिए गौरव का विषय है। यह संस्थान महान सूर्य कवि दादा लख्मी चंद के नाम पर स्थापित है, जिनकी विरासत आज भी कलाकारों की पीढ़ियों को प्रेरित करती है। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है बल्कि यह ज्ञान, सृजनात्मकता और जिम्मेदारी का उत्सव है। रवींद्रनाथ टैगोर ने कहा है कि उच्चतम शिक्षा वह है, जो हमें केवल जानकारी ही नहीं देती बल्कि हमारे जीवन को समस्त अस्तित्व के साथ सामंजस्य में लाती है। आप लोग भी संस्कृति व सृजनशीलता के प्रतिनिधि बनकर दुनिया में कदम रख रहे हैं।

भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली विश्व की सबसे बड़ी प्रणालियों में से एक है, जो आज 4 करोड़ से अधिक छात्रों को शिक्षा प्रदान कर रही है। हरियाणा ने भी इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है।

# गुरुग्राम में जनगणना कार्य में अनुपस्थित कर्मचारी नपेंगे

» एजेंसी। गुरुग्राम

जनगणना के कार्य में 500 से अधिक सुपरवाइजर एवं एन्यूमरेटर ड्यूटी और प्रशिक्षण से अनुपस्थित पाए गए हैं। नगर निगम की ओर से सख्त निर्णय लिया गया कि ऐसे कर्मचारियों को नोटिस जारी किए जाएंगे। निर्धारित समय में जवाब नहीं देने पर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह बात प्रधान जनगणना अधिकारी एवं निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने रविवार को नगर निगम गुरुग्राम में जनगणना कार्यों की प्रगति को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक में कही।

इस बैठक में विभिन्न अधिकारियों की उपस्थिति में जनगणना कार्यों को गति देने, अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई तथा निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी विभागों और संस्थानों को निर्देशित किया गया कि उनके अधीनस्थ कर्मचारी तुरंत जनगणना कार्य में शामिल हों। साथ ही अनुपस्थित सुपरवाइजर और





एन्यूमरेटर को पांच मई से सात मई 2026 तक प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। अनुपालन न करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुपस्थिति या उदासीनता को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी अधिकारियों को अपने स्टाफ की नियमित निगरानी और कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जनगणना कार्यों को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि गुरुग्राम में जनगणना प्रक्रिया सुचारू और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हो। साथ ही निगम पार्षदों, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों व नागरिकों से अपील की गई कि वे जनगणना कार्य में सहयोग करें।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर को बीएलओ ड्यूटी से हटाने की मांग

» एजेंसी। सोनीपत

अपनी मांगों को लेकर आंगनबाड़ी वर्कर एंड हेल्पर यूनियन संबंधित सीटू की जिला इकाई के सदस्य सोमवार को समाधान शिविर में पहुंचकर डीसी से मिले। उन्होंने डीसी के सामने अपनी समस्या और मांगों को रखा। उन्होंने बताया कि यूनियन पर पहले से काम का बोझ है। ऐसे में प्रशासन की ओर से आंगनबाड़ी वर्कर व हेल्पर की ड्यूटी निर्वाचन आयोग के तहत बीएलओ की लगा दी गई है। इससे उनमें नाराजगी पाई जा रही है। उन्होंने उपायुक्त के माध्यम से प्रदेश सरकार से मांग की कि आंगनबाड़ी वर्कर व हेल्पर की ड्यूटी निर्वाचन आयोग के तहत न लगाई जाए। इसके बाद भी अगर ऐसा किया गया तो यूनियन डीसी कार्यालय पर धरना शुरू करेगी। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि आंगनबाड़ी वर्कर हेल्पर के पास बहुत सारे अतिरिक्त काम हैं। बहुत सारे रजिस्टर मेंटेन करने पड़ते हैं। ऑनलाइन काम करना पड़ता है जबकि प्रदेश सरकार ने भी लेटर जारी कर इलेक्शन कमीशन में बीएलओ की ड्यूटी से मना किया हुआ है।

# फायर कर्मियों की हड़ताल के बीच रोडवेज ड्राइवर बने मददगार

» एजेंसी। गुरुग्राम

गर्मी की दस्तक के साथ ही आगजनी की घटनाओं में एकाएक वृद्धि हो गई है। ऊपर से फायर कर्मचारियों की हड़ताल के चलते आगजनी की घटनाओं पर सहज और जल्द काबू पाना भी दूसरे कर्मचारियों के लिए चुनौती बन गया है। फायर कर्मचारी 27 दिन से हड़ताल पर बैठे हैं। वैकल्पिक तौर पर फायर विभाग ने रोडवेज से ड्राइवर लिए हैं। वह पानी से भरी गाडियों को हादसा स्थल तक ले जाते हैं और आग बुझाते हैं। इन्हीं के साथ सिविल डिफेंस के वॉलंटियर भी जुटे रहते हैं।

छह अप्रैल से चार मई 2026 के बीच जिला में आगजनी की 17 घटनाएं हुई हैं। एकाध घटना को छोड़ दें तो सभी घटनाएं बड़ी थीं, जिनमें आग बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। फायर विभाग के कर्मचारी अपनी मांगों पर अड़े हैं। वे बिना मांग पूरी हुए हड़ताल खत्म नहीं करना चाहते। ऐसे में हड़ताल और लंबी खिंचती चली जा रही है। जब से हड़ताल हुई है, तब से आगजनी की घटनाएं काफी हो रही हैं। आग बुझाने के लिए गुरुग्राम से लेकर नोएडा तक से दमकल विभाग की गाडियों को बुलाया गया। आमतौर पर बड़ी आगजनी की घटना में बाहरी केंद्र से गाडियां बुलाई जाती हैं। गगनचुंबी इमारतों के शहर के साथ-साथ उद्योग का बड़ा क्षेत्र होने से यहां पर हादसे भी ज्यादा हो रहे हैं। अप्रैल 2026 की बात करें तो एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक आगजनी की 17 घटनाएं हो चुकी हैं। 19 अप्रैल को एक ही दिन में चार स्थानों पर भीषण आगजनी हुई, जिससे फायर विभाग की गाडियां एक के बाद एक दौड़ती ही रही।

आगजनी की घटनाओं और फायर कर्मचारियों की हड़ताल के चलते सिविल डिफेंस के वॉलंटियर्स को सभी फायर स्टेशनों से जोड़ा गया। पुलिस के कर्मचारी भी सहायता के लिए फायर स्टेशनों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं सम्मानित

» एजेंसी। बल्लभगढ़

शहर की भीमसेन कॉलोनी में श्री ठाकुरराम आर्य कन्या उच्चतम माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं की शैक्षणिक उत्कृष्टता, ओलंपियाड उपलब्धियों एवं कक्षा स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन को सम्मानित करना रहा। समारोह में प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं, दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं, ओलंपियाड परीक्षाओं में सराहनीय उपलब्धि हासिल करने वाली छात्राओं तथा खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को ट्रॉफी, पदक एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समारोह को आकर्षक बनाया। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह समारोह छात्राओं के लिए प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

# कचरे के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : राव नरबीर

» एजेंसी। गुरुग्राम

उद्योग और वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में कूड़ा निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वह सोमवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में नगर निगम और जीएमडीए के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। इसमें जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीसी मीणा और निगम आयुक्त प्रदीप दहिया सहित दोनों विभाग के आला अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान शहर की बुनियादी सुविधाओं-सड़क, ड्रेनेज, सफाई व्यवस्था और पेयजल आपूर्ति की बारीकी से समीक्षा की गई और जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने आगामी मानसून सीजन को देखते हुए ड्रेनेज व्यवस्था की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रमुख नालों की सफाई का काम समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए ताकि शहरवासियों को जलभराव का सामना न करना पड़े। अधिकारियों ने अवगत कराया कि मास्टर ड्रेनेज नेटवर्क के तहत शहर में तीन प्रमुख ड्रेन काम कर रही हैं। सेक्टर 68-75 और 112-115 जैसी नई कॉलोनियों में ड्रेनेज निर्माण प्रगति पर है। प्रशासन के दावों के अनुसार, पिछले वर्षों की तुलना में शहर में जलभराव वाले चिन्हित स्थानों में काफी कमी आई है।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय : म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103 (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक : रंजीत सिंह
आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844